**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या-572/46/चार/आयोग/2023**
**लखनऊ दिनांक- 12 अक्टूबर, 2023**

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 04-परीक्षा/2023, प्रवर्तन कांस्टेबल (सा0च0) मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2022)/04 के अंतर्गत **कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ** के नियंत्रणाधीन **प्रवर्तन कांस्टेबल** के सीधी भर्ती के रिक्त कुल 477 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांकः 07-07-2023 से 28-07-2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उपर्युक्त के क्रम में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या- 589/47-का-3-2023, दिनांक- 27-09-2023 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः आयोग के विज्ञापन संख्या- 04-परीक्षा/2023, प्रवर्तन कांस्टेबल (सा0च0) मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2022)/04 के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के सूचनार्थ **प्रवर्तन कांस्टेबल** के रिक्त पदों पर चयन हेतु शासन द्वारा अनुमोदित लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम प्रकाशित किया जा रहा है।

**संलग्नक**- उपरोक्तानुसार।

(विधान जायसवाल)
परीक्षा नियंत्रक।

संख्या-589/47-का-3-2023

प्रेषक,

राम आसरे राम,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 27/09/2023

विषय:- प्रवर्तन कांस्टेबल पद की प्रस्तावित मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति/अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-502/46/चार/आयोग/2023 टी0सी, दिनांक 29.08.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रवर्तन कांस्टेबल पद की प्रस्तावित लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति/अनुमोदन प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना दिनांक 11.05.2015 द्वारा प्रख्यापित **उ0प्र0 समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति एवं प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के नियम-8(1)** के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रवर्तन कांस्टेबल पद की प्रस्तावित मुख्य परीक्षा हेतु निम्नवत् परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

**प्रवर्तन कांस्टेबल के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम**

प्रश्नगत लिखित परीक्षा में एक प्रश्नपत्र होगा, जिसके दो भाग होंगे। लिखित परीक्षा का भाग-1 (पद हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम) में 100 प्रश्न होंगे, जिसके प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी तथा भाग-2 (कम्प्यूटर प्रवीणता संबंधी पाठ्यक्रम) में 50 प्रश्न होंगे, जिसमें न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक (अर्थात 17 अंक) अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को ही कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण मानते हुए, उनके (कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों) द्वारा लिखित परीक्षा के भाग-1 (पद हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम) में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन प्रक्रिया के अगले चरण हेतु अभ्यर्थियों की शार्टलिस्टिंग की जायेगी।

प्रश्नगत परीक्षा की कुल समयावधि 02 घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु प्रत्येक

गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन) का प्राविधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**परीक्षा योजना**

परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, कुल अंक और समयावधि नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| क्र0सं0 | भाग-1<br>पद हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक परिवहन संबंधी आवश्यक जानकारी (उ0प्र0 राज्य के परिप्रेक्ष्य में) | 20 | 20 | 02 घण्टा (120 मिनट) |
| 2 | पर्यावरण के अनुकूल आधुनिक सड़क परिवहन के साधन (उ0प्र0 राज्य के परिप्रेक्ष्य में) | 20 | 20 | |
| 3 | सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी | 25 | 25 | |
| 4 | सामान्य प्रशासन एवं तकनीकी ज्ञान सम्बन्धी सामान्य जानकारी | 15 | 15 | |
| 5 | उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| | **योग** | **100** | **100** | |
| **क्र0सं0** | **भाग-2**<br>**कम्प्यूटर प्रवीणता संबंधी ज्ञान** | **प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंक** | |
| 1 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 50 | 50 | |

**नोट** - उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन) का प्राविधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

## पाठ्यक्रम

### भाग-1

### पद हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

**1 - सार्वजनिक परिवहन संबंधी आवश्यक जानकारी (उ0प्र0 राज्य के परिप्रेक्ष्य में):-**

- सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न साधन,
- उ0प्र0 में क्रियाशील एवं निर्माणाधीन विभिन्न एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग व उनकी उपयोगिता,
- ओ0डी0आर0, एम0डी0आर0 एवं ग्रामीण सड़कें,
- उ0प्र0 राज्य परिवहन संबंधी संस्थाओं की संरचना, शक्तियां, कर्तव्य एवं दायित्व। उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 के सुसंगत प्रावधान।

**2. पर्यावरण के अनुकूल आधुनिक सड़क परिवहन के साधन (उ0प्र0 राज्य के परिप्रेक्ष्य में):-**

- इलेक्ट्रिक वाहनों की आवश्यकता एवं प्रभाव,
- वाहनों से होने वाले उत्सर्जन एवं उनसे जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव,
- केन्द्र सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने के संबंध में लागू की गयी नीतियां एवं उनका प्रभाव,

- नवीन स्क्रैप पॉलिसी (New Scrap Policy) की आवश्यकता एवं प्रभाव, पुराने वाहनों के ई-वेस्ट का पर्यावरण पर प्रभाव।

3. **सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी:-**

- सड़क सुरक्षा की अवधारणा, सड़कों के प्रकार, उन पर निर्धारित गति सीमा तथा गति के उल्लंघन का प्रभाव, सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में सड़क निर्माण एजेन्सी, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग के कार्य एवं दायित्व
- विभिन्न प्रकार के लेन ड्राइविंग/यातायात संकेतकों एवं ट्रैफिक सिग्नल की सामान्य जानकारी एवं उनका प्रभाव
- माल वाहनों में ओवरलोडिंग के दुष्परिणाम एवं सामाजिक पक्ष
- भारत वर्ष एवं उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटना एवं इसके फलस्वरूप घायल एवं मृतक के आंकड़े एवं उसका सामाजिक व आर्थिक पक्ष। सड़क दुर्घटना पर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अधिकार एवं प्रभाव,
- सड़क दुर्घटना को कम करने के सम्बन्ध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किये जाने वाले विशेष उपाय एवं नवीन मोटर यान अधिनियम, 2019 में उल्लिखित व्यवस्थायें, सड़क दुर्घटना होने के फलस्वरूप जान-माल की क्षति को कम किये जाने के सम्बन्ध में किये जाने वाले उपाय, सड़क दुर्घटना होने पर चालक एवं सामान्य नागरिक के कर्तव्य, गुड सैमेरिटन की अवधारणा एवं उनके अधिकार,

4. **सामान्य प्रशासन एवं तकनीक सम्बन्धी सामान्य जानकारी:-**

- HSRP नम्बर प्लेट की आवश्यकता एवं प्रभाव,
- BH Series नम्बर प्लेट की आवश्यकता एवं प्रभाव,
- मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की आवश्यकता, वाहन चालक ड्राइविंग मैनुअल,
- प्रदूषण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता तथा भारत स्टेज उत्सर्जन मानक,
- नवीन सूचना प्रौद्योगिकी का परिवहन विभाग पर प्रभाव।

5. **उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी:-**

प्रश्न पत्र के इस भाग से उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश के इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज,अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियाँ आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## भाग-2 (कम्प्यूटर प्रवीणता संबंधी पाठ्यक्रम)

### कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान :-

- कम्प्यूटर, सूचना तकनीकी, इन्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब ( WWW) का इतिहास, परिचय एवं अनुप्रयोग
- निम्नलिखित सम्बन्धी सामान्य ज्ञान

1. हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर

2. इनपुट एवं आउटपुट
3. इन्टरनेट प्रोटोकॉल/आई0पी0 एड्रेस
4. आई0टी0 गैजेट एवं उनका अनुप्रयोग
5. ई-मेल आई0डी0 को बनाना एवं ई-मेल का प्रयोग/संचालन
6. प्रिंटर, टेबलेट एवं मोबाइल का संचालन
7. वर्ड प्रोसेसिंग (MS-word) एवं ऐक्सेल प्रोसेसिंग ( MS-Excel) के महत्वपूर्ण तत्व
8. ऑपरेटिंग सिस्टम, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस

- डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग
- भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा
- कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स) तथा इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ आदि।

**Written Examination Plan and Syllabus for Selection to the Posts of Enforcement Constable**

There will be one question paper in the written examination, Which will contain 02 parts. There will be 100 questions in Part-1 (Syllabus Prescribed for the Post) of the written test, the merit list will be prepared on the basis of Part-1.Part-2 (Knowledge related to Computer Proficiency) will contain 50 questions. Only those candidates, who would secure minimum 33% marks (i.e. 17 marks) in Part-2 will be considered qualified in Part-2 (Knowledge related to Computer Proficiency) of the written examination. Based on the marks obtained by the candidates (who have qualified in Part-2) in Part-1 of the written examination, merit list will be prepared and short listing of candidates shall be made for the next stage of the selection process.

The total time duration of the question paper will be 02 hours. The questions of the examination will be objective and multiple choice type. Each question will be of one mark. There is a provision of negative marking for each wrong answer for the examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for that question.

**Exam Plan**

The parts of examination, related subjects from which questions shall be asked in the exam , number of questions, total marks and time period will be as per the details given below-

| S.No. | Part-1<br>Syllabus Prescribed for the Post | Number of Questions | Total Marks | Time Period |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Essential information related to public transport (in the context of state of Uttar Pradesh) | 20 | 20 | 02 Hours (120 Minutes) |
| 2 | Environment-friendly means of modern road transport (in the context of state of Uttar Pradesh) | 20 | 20 | |
| 3 | Knowledge related to road safety. | 25 | 25 | |
| 4 | General awareness related to general administration and technical knowledge. | 15 | 15 | |
| 5 | General information related to the state of Uttar Pradesh. | 20 | 20 | |
| | **Total** | **100** | **100** | |
| **S. No.** | **Part-2**<br>**Knowledge Related to Computer Proficiency** | **Number of Questions** | **Total Marks** | |
| 1 | Knowledge of concepts of computer and information technology and contemporary technological development and innovation in this field | 50 | 50 | |

**Note** - There is a provision of negative marking for each wrong answer for the above examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for that question.

## Syllabus

## Part- 1

## Syllabus Prescribed for the Post

1- **Essential information related to public transport (in the context of state of uttar pradesh) :-**

- Different modes of Public Transport,
- Functional and Under - construction different Expressways in Uttar Pradesh , National Highways and their utility,
- O.D.R., M.D.R. and Rural Roads .
- Structure, Powers, Duties and Responsibilities of Uttar Pradesh State Transport related Institutions, Relevant provisions of the Uttar Pradesh Motor Vehicles Taxation Act, 1997.

2. **Environment-friendly means of modern road transport (in the context of state of uttar pradesh) :-**

- Need and effect of electric vehicles
- Vehicular emissions and their effects on public health
- Policies implemented by the Central Government and Uttar Pradesh Government in relation to reducing air and noise pollution and their impact
- New Scrap Policy: Need and effect, Environmental impact of e-waste from old vehicles.

3. **Knowledge related to road safety :-**

- Concept of road safety, types of roads, speed limits prescribed on them and effect of speed violations, Work and responsibilities of Road Construction Agency, Education Department, Medical Department in relation to road safety.
- General knowledge of different types of lane driving/traffic indicators and traffic signals and their effect
- Side effects and social aspects of overloading in goods vehicles.
- Road accidents in India and Uttar Pradesh and data of injury and death caused due to road accidents and its social and economic aspects, Powers and effects of the Supreme Court's Committee on Road Safety on road accidents.
- Special provisions taken by the Central and State Government in relation to reducing road accidents and provisions in the New Motor Vehicles Act, 2019 , measures to be taken in relation to reducing the loss of life and property as a result of road accidents, Duties of driver and common citizen in case of road accident, Concept of Good Samaritan and their rights.

4- **General awareness related to general administration and technical knowledge: -**

- Need and effect of HSRP number plate.
- Need and effect of BH series number plate
- Requirement of Motor Driving Training School, Driver Driving Manual,
- Requirement of Pollution Certificate and Bharat Stage Emission Standards
- Impact of new Information Technology on transport department.

5- **General information related to the state of Uttar Pradesh : -**

In this part of the question paper, questions based on History, Culture, Art, Architecture, Festivals, Folk Dance, Literature, Regional Languages, Heritage, Social Customs and Tourism, Geographical Landscape and Environment, Natural Resources, Climate ,Soil, Forest, Wildlife, Mines and Minerals, Economy, Agriculture, Industry, Business and Employment, Polity, Administration of Uttar Pradesh and Current Events and Achievements of Uttar Pradesh State in various fields etc. will be asked from the candidates.

## PART-2

## Syllabus Related to Computer Proficiency

**Knowledge of Concepts of Computer and Information Technology and Contemporary Technological Development and Innovation in this field :-**

- History, Introduction and Application of Computer, Information Technology, Internet and World Wide Web (WWW).
- General Knowledge related to:

I. Hardware and Software
II. Input and Output
III. Internet Protocol/IP Address
IV. IT gadgets and their application
V. Creation of e-mail ID and use/operation of e-mail
VI. Operation of Printer, Tablet and Mobile
VII. Important elements of Word Processing (MS-word) and Excel Processing (MS-Excel)
VIII. Operating System, Social Networking, e-Governance

- Digital Financial Tools and Applications
- Future Skills and Cyber Security

Technological Development and Innovation in the field of Computer and Information Technology (Artificial

Intelligence, Big Data Processing, Deep Learning, Machine Learning, Internet of Things) and India's achievements in this field etc.

भवदीय

(राम आसरे राम)

उप सचिव।

Signed by राम आसरे राम
Date: 27-09-2023 17:56:32
Reason: Approved